देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 239 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
हर आयाम में
प्रेरणादायक



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024



मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 09.0°

82924.41

2 इथियोपिया में भीषण हादसा

7 मेलबर्न में टीम इंडिया हैट्रिक से चूकी

# उत्तर भारत में भीषण शीत लहर का अलर्ट

## 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ बिगाड़ेगा मौसम, कुछ राज्यों के लिए बड़ी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नए साल में उत्तर भारत को भीषण सर्दी का सामना करना पड़ेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने नया पूर्वानुमान जारी किया है। इसके मुताबिक 4 जनवरी को उत्तर भारत में नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक उत्तर भारत में शीत लहर बढ़ने का भी अनुमान है। 1 से 3 जनवरी तक पहाड़ी क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा और बर्फबारी की उम्मीद है। पश्चिम विक्षोभ की वजह से पंजाब और हरियाणा में बारिश की भी संभावना है।

### क्या है कोल्ड डे और सीवियर कोल्ड डे?

मौसम विभाग के मुताबिक जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे पहुंच जाता है और अधिकतम तापमान मौसम के सामान्य तापमान से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है तो उसे कोल्ड–डे कहते हैं। वहीं यदि अधिकतम तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री कम हो जाए तो सीवियर कोल्ड डे घोषित किया जाता है।



### आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में गिरेगा पारा

उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 4–6 डिग्री सेल्सियस और पंजाब में 3–4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में कोई अहम बदलाव की उम्मीद नहीं हैं। मध्य भारत में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। अगले 5 दिनों के दौरान 3–5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। पूर्वी भारत में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। आने वाले 3 दिनों के दौरान 3–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की उम्मीद है। महाराष्ट्र में अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की आशंका है।

आईएमडी के मुताबिक अगले 2–3 दिनों के दौरान उत्तर–पश्चिम भारत में और पूर्वोत्तर के राज्यों में घना से बहुत घना कोहरा और कोल्ड डे की स्थिति देखने को मिलेगी। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ शीतलहर की चपेट में हैं। इन राज्यों में घना कोहरे का भी अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है।

उधर, हिमालच प्रदेश में शीतलहर और बर्फबारी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जम्मू और कश्मीर भी शीतलहर की चपेट में है। हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग–अलग स्थानों पर कोल्ड डे से सीवियर कोल्ड डे की स्थित बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अलर्ट के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान के अलग–अलग स्थानों में 30 दिसंबर की देर रात घना से बहुत घना कोहरा पड़ सकता है। राजस्थान में भी कोल्ड डे से सीवियर कोल्ड डे जैसी स्थिति देखने को मिलेगी।

कश्मीर के गुलमर्ग और पहलगाम में शीतलहर से कड़ाके की ठंड जारी है। तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। हालांकि घाटी के अन्य हिस्सों में सर्दी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में 'स्कीइंग' गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात की तुलना में दो डिग्री कम है।

वहीं उत्तराखंड में बारिश–बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे समेत कुल छह सड़कों पर आवाजाही बाधित रही। उत्तरकाशी जिले में बर्फ हटाने के बादे यमुनोत्री हाईवे सुचारु हो गया। तीन दिनों तक उत्तर भारत में घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।

### न्यूनतम पारा 10 डिग्री के करीब

31 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में घना कोहरा पड़ने के आसार हैं। वहीं पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में शीत लहर की चपेट में होंगे। असम और मेघालय में भी घना कोहरा पड़ेगाा। 1 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में शीत लहर चलेगी। हिमाचल प्रदेश, असम और मेघालय में घना कोहरा पड़ेगा। 2 जनवरी को भी पंजाब–हरियाणा और राजस्थान में शीत लहर का प्रभाव जारी रहेगा। घना कोहरे कम होगा। वहीं उत्तर पश्चिम से आने वाली हवाएं तेज होंगी। वायुमंडल की नमी में भी कमी आने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्निको मीटर विवाद पर आया कमिंस का बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में खेले गए बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में उस वक्त विवाद हुआ जब थर्ड अंपायर ने भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को कथित तौर पर गलत आउट दिया। इसे लेकर पूरे दिन चर्चा का बाजार गर्म रहा और कई विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि मामले को ज्यादा तूल नहीं दिया। अब ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने यशस्वी के आउट को जायज ठहराया है।

### राहुल–प्रियंका जीते तो केरल को बताया मिनी पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** पुणे। महाराष्ट्र के मंत्री नीतेश राणे ने एक विवादित टिप्पणी में केरल की तुलना 'मिनी पाकिस्तान' से की है। राणे ने कहा है कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी इसी कारण वहां से चुनकर आते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने पीएम एवं सीएम फडणवीस से नीतेश को मंत्री बनाए जाने पर सवाल खड़ा किया है।

# केजरीवाल ने आपको काम चलाऊ मुख्यमंत्री कहा, मुझे दुख हुआ

## एलजी सक्सेना ने जवाब देते हुए सीएम आतिशी को चिट्ठी लिखी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल के एक बयान की आलोचना करते हुए इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा है कि कुछ दिनों पहले एक सवाल के जवाब में अरविंद केजरीवाल ने आपको काम चलाऊ सीएम कहा था। यह मुझे बेहद आपत्तिजनक लगा और इससे में आहत हूं। उन्होंने कहा, यह ना सिर्फ आपका अपमान है बल्कि आपके नियोक्ता देश की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के रूप में मेरा भी अपमान है।

### आपको जेल भेजने की बात पूरी तरह गलतः एलजी सक्सेना

एलजी ने कहा केजरीवाल बिना किसी आधार या तथ्य के आपके खिलाफ परिवहन विभाग तथा अन्य जांच एजेंसियों द्वारा जांच कर आपको जेल भेजने की बात सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं। यह असत्य तो है ही, ऐसे बयानों से यह भी इंगित होता है कि आपको अपने ही अधीन काम करनेवाले विभागों के क्रियाकलापों की कोई खबर नहीं है।

उपराज्यपाल ने पत्र में कहा, आपके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया में आपको सार्वजनिक रूप से एक अस्थायी–काम चलाऊ मुख्यमंत्री घोषित किया। यह मुझे बहुत आपत्तिजनक लगा और मैं इससे आहत हुआ। यह न केवल आपका अपमान था, बल्कि आपकी नियोक्ता महामहिम भारत की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के रूप में, मेरा भी अपमान था। उन्होंने कहा, अस्थायी या काम चलाऊ मुख्यमंत्री की जो सार्वजनिक व्याख्या केजरीवाल ने की, उसका कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है और यह बाबा साहब आंबेडकर द्वारा रचित संविधान में निहित लोकतांत्रिक भावना और मूल्यों की निंदनीय अवहेलना भी है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आगे कहा, जिन परिस्थितियों में आपको सीएम बनाया गया, उन सभी बिगड़ी चीजों 3–4 महीनों में ठीक कर पाना कितना संभव है, यह साफ है लेकिन फिर भी इन सभी क्षेत्रों में विफलताओं की जिम्मेदारी आपकी ही मानी जाएंगी। जिस तरह केजरीवाल ने आपकी उपस्थिति में, अनाधिकृत रूप से वरिष्ठ नागरिकों और मुख्यमंत्री के नाम पर ही महिलाओं से जुड़ी योजना की हवाई घोषणाएं की, इससे मुख्यंत्री के पद और मंत्री परिषद् की गरिमा भी धूमिल हुई है।

# छात्रों की पिटाई पर राजनीति गरमाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बीपीएससी छात्रों के प्रदर्शन के बीच बिहार लोक सेवा आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की है। इस मुलाकात में उन्होंने पूरी स्थिति से राज्यपाल को अवगत कराया है। आयोग अभी भी दोबारा परीक्षा कराने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। मुलाकात के बाद बीपीएससी के चेयरमैन राजभवन से निकले, लेकिन उन्होंने मीडिया के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने इस पूरे मामले पर राज्यपाल को परीक्षा से जुड़ी पूरी जानकारी दी है। बीपीएससी 70वीं संयुक्त परीक्षा 2024 को रद्द करने को लेकर अभ्यर्थी पिछले 12 दिनों से पटना में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लाठीचार्ज के बाद इस विरोध प्रदर्शन ने राजनीतिक रंग ले लिया है।

दूसरों ओर, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी इस पूरे घटनाक्रम को देखते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बिहार के युवाओं और बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दों को लेकर एनडीए सरकार के प्रमुख सहयोगी होने के नाते मैंने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है।

### बीपीएससी

■आयोग के अध्यक्ष राज्यपाल से मिले

### छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात की। मुलाकात के बाद छात्रों ने कहा कि मुख्य सचिव ने उन लोगों की बातों को बहुत आराम से सुना और समझा है। उन्होंने (मुख्य सचिव) यह भी कहा कि हम लोग चीजों को समझ रहे हैं। छात्रों ने कहा कि अब फैसला उनके हाथ में है. वो जो फैसला लेते हैं उसके बाद आगे हम लोग तय करेंगे। हम लोग अभी आंदोलन में बैठे रहेंगे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 2025 में मजबूत जीडीपी का अनुमान

■हम वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की कोशिश कर रहेः आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय बैंक की ओर से विकास के मुकाबले महंगाई को तवज्जो दिए जाने के कारण सरकार की आलोचना का सामना कर रहे आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को दावा किया कि 2025 में उपभोक्ता खपत बढ़ने और कारोबारी विश्वास मजबूत होने से भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाएं बेहतर होने की उम्मीद है।

वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की प्रस्तावना में मल्होत्रा ने कहा, हम भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उच्चतर विकास पथ को समर्थन देने के लिए वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा ध्यान वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और अधिक व्यापक रूप से प्रणालीगत स्थिरता बनाए रखने पर केंद्रित है। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में गति पकड़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, वैश्विक वृहद–वित्तीय लोकाचार पर छाई अनिश्चितताओं के बावजूद, 2024–25 की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधि की गति में मंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

## न्यूज डायरी





### इथियोपिया में भीषण हादसा, नदी में गिरा ट्रक, 60 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अदीस अबाबा। अफ्रीकी देश इथियोपिया में बड़ा हादसा हुआ है। यहां यात्रियों से भरा एक ट्रक नदी में जा गिरा। हादसे में 60 लोगों की जान गई है। दक्षिणी सिदामा क्षेत्र के अधिकारियों के मुताबिक यह भीषण हादसा बोना जिले में हुआ है। क्षेत्रीय संचार ब्यूरो ने रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि हादसे में घायल लोगों का बोना जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी इथियोपियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मुताबिक सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बता दें कि इथियोपिया में भीषण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। खराब ड्राइविंग मानक और खस्ताहाल वाहन यहां सुरक्षित यातायात के मार्ग पर सबसे बड़े बाधक हैं। करीब छह साल पहले 2018 में भी इथियोपिया में एक बड़ा हादसा हुआ था। इस हादसे में छात्रों से भरी एक बस खड्डे में जा गिरी थी, जिसमें 38 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। ईबीसी के मुताबिक सभी लोग इसुजु ट्रक पर सवार थे। मगर अचानक ट्रक अपना रास्ता भटक गया और नदी में जा गिरा। उधर, नदी में अब भी लोगों की तलाश जारी है। राहत एवं बचाव कार्य में स्थानीय लोग और सरकारी विभाग जुटे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। साल 2024 जाते–जाते बड़े हादसों का गवाह बनता जा रहा है। पहले कजाखस्तान में अजरबैजान का एक विमान हादसे का शिकार हुआ।

### फुआद शुक्र ने 4 प्रेमिकाओं से किया था इश्क, मोसाद ने लगाया था इस बात का पता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हिजबुल्लाह कमांडर फुआद शुक्र को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। फुआद शुक्र की चार प्रेमिकाएं थीं और उसने सबसे फोन पर ही शादी की थी। इजरायल की खूफिया एजेंसी मोसाद ने यह खुलासा किया है। आतंकी संगठन हिजबुल्लाह पर नजर रखने के दौरान मोसाद को यह बात पता चली थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हिजबुल्लाह के सह–संस्थापकों में से एक फुआद शुक्र को कथित तौर पर एक साथ चार महिलाओं से संबंध रखने का अपराधबोध हो रहा था। इसलिए उसने इस साल उन चारों प्रेमिकाओं से शादी करने की ठान ली थी। रिपोर्ट के अनुसार, अपनी स्थिति से असहज महसूस कर रहे शुक्र ने हिजबुल्लाह के सर्वोच्च धार्मिक मौलवी हाशेम सफीदीन से संपर्क किया – जो अक्टूबर में हवाई हमले में मारे गए। मोसाद ने कथित तौर पर खुलासा किया कि शुक्र ने सफीदीन से उसकी शादी उसकी चार प्रेमिकाओं से करने के लिए कहा। सफीदीन की सलाह के बाद, उसके लिए चार अलग–अलग फोन–आधारित विवाह समारोह आयोजित किए गए। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि फुआद शुक्र की चारों प्रेमिकाएं कहां रहती थीं और फोन कॉल कहां से किए गए थे।

### अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन हो गया। वो अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति और भारत की यात्रा करने वाले तीसरे अमेरिकी नेता थे। 100 साल की उम्र वाले कार्टर 1977 में आर फोर्ड को हराकर राष्ट्रपति बने थे। जिमी जॉर्जिया के प्लेन्स में अपने घर पर परिवार के साथ रहते थे, जहां उनका निधन हुआ। वह अमेरिकी इतिहास में सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा, आज अमेरिका और दुनिया ने एक असाधारण नेता, राजनेता और मानवतावादी को खो दिया है। बता दें कि कार्टर के परिवार में उनके बच्चे जैक, चिप, जेफ और एमी के साथ 11 पोते–पोतियां और 14 परपोते–परपोतियां हैं। उनकी पत्नी रोजलिन और एक पोते का निधन उनसे पहले हो चुका है। राष्ट्रपति का पद छोड़ने के एक साल बाद उन्होंने कार्टर सेंटर नाम के एक चैरिटी की स्थापना की थी। इस चौरिटी ने चुनावों में पारदर्शिता लाने, मानवाधिकारों का समर्थन करने, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने जैसी महत्व भूमिका निभाई। कार्टर सेंटर के अनुसार, 3 जनवरी 1978 को कार्टर और तत्कालीन प्रथम महिला रोजलिन कार्टर नई दिल्ली से एक घंटे दक्षिण–पश्चिम में स्थित दौलतपुर नसीराबाद गांव गए थे।

# भारत से इजरायल पहुंचने वाले श्रमिकों की संख्या 16,000 पहुंची

**रिपोर्ट**

## इजरायल और भी हजारों श्रमिकों को लाने की बना रहा योजना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



तेल अवीव। हमास के हमले के बाद से इजरायल पिछले एक साल से लड़ाई में हैं। इसके बाद युद्ध लेबनन में हिजबुल्लाह और यमन के हूती विद्रोहियों और ईरान तक फैल गया। हालांकि इसके बावजूद राजू निषाद और उनके जैसे अन्य मजदूरों यहां आने से नहीं रुके। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, यहां डरने की कोई बात नहीं है। कई बार हवाई हमले की चेतावनियों के कारण हमें शेल्टर की ओर भागने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सायरन बंद होते ही हम अपने काम पर लौट जाते हैं।

सवाल उठता है कि लोग अपने घर से हजारों किमी दूर इस खतरनाक स्थिति में काम करने क्यों जाते हैं। दरअसल इजरायल में उच्च आय है, जहां, कुछ श्रमिक अपने देश में मिलने वाली आय से तीन गुना ज्यादा कमा सकते हैं, यही कारण है कि लोग यहां जाने को तैयार हो जाते हैं। पिछले एक साल में 16,000 भारतीय श्रमिक इजरायल पहुंचे हैं। इजरायल और भी हजारों श्रमिकों को लाने की योजना बना रहा है। निषाद कहते हैं, मैं भविष्य के लिए पैसे बचा रहा हूं, समझदारी से निवेश की योजना बना रहा हूं और अपने परिवार के लिए कुछ अच्छा करना चाहता हूं।

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। लेकिन इसके बावजूद व अपने लोगों के लिए पर्याप्त नौकरियां नहीं पैदा कर पा रहा है। दशकों से इजरायल में भारतीय काम कर रहे हैं। हजारों बुजुर्ग इजरायलियों की देखभाल करने के लिए भारतीय जाते हैं। वहीं अन्य हीरा व्यापारियों और आईटी पेशेवरों के रूप में काम करते हैं। लेकिन जब से गाजा का युद्ध तेज हुआ है तब से इजरायल के निर्माण क्षेत्र में भारतीय श्रमिकों की संख्या बढ़ी है।

दिल्ली स्थित डायनामिक स्टाफिंग सर्विसेज के अध्यक्ष समीर खोसला ने 30 से ज्यादा देशों में 5 लाख से ज्यादा भारतीयों को काम करने के लिए भेजा है। उनके जरिए 3500 से ज्यादा श्रमिक इजरायल पहुंचे हैं। वह स्वयं भी 7 अक्तूबर के हमले के एक महीने के बाद पहली बार इजरायल पहुंचे थे। खोसला ने कहा, हम इस बाजार के बारे में ज्यादा नहीं जानते थे और यहां भारत का कोई मौजूदा श्रमिक वर्ग नहीं था।श् खोसला अब 10 हजार भारतीय श्रमिक भेजने की उम्मीद करते हैं, क्योंकि उनके पास सभी ट्रेडों में कुशल श्रमिकों का बड़ा नेटवर्क है।

## पाक और अफगानी सेनाओं के बीच सीमा पर हुई झड़प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** खैबर पख्तूनख्वा। अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल है। दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनात हैं। वहीं, डॉन की रिपोर्ट में सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार सीमा पर चल रही झड़पों के दौरान अफगानिस्तान में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं और 13 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें नागरिक भी शामिल हैं। यह झड़पें शनिवार देर रात तक जारी रहीं।

इस सप्ताह के प्रारंभ में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों द्वारा अफगानिस्तान के पूर्वी पकटिका प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कथित शिविरों को निशाना बनाए जाने के बाद तनाव बढ़ गया था, जिसके बाद भीषण गोलीबारी हुई थी।

बता दें कि यह झड़पें अफगान पक्ष के आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तान में घुसपैठ करने के असफल प्रयास के बाद शुरू हुईं थी, जिसके कारण शनिवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। फिर से शुरू हुई हिंसा में फ्रंटियर कोर का एक सैनिक शहीद हो गया और 11 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार रात को आतंकवादियों ने सीमा का उल्लंघन करने का प्रयास किया, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया।





**न्यूयॉर्क के मेयर ने किया अक्षरधाम मंदिर का दौरा**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने न्यूजर्सी के रॉबिंसविले में बने अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए। एडम्स ने मंदिर परिसर में लगभग 2 घंटे बिताए, महामंदिर का दौरा किया और मंदिर के स्वयंसेवकों के साथ बातचीत की। अपने दौरे के बाद, उन्होंने पूज्य संतो और कार्यकर्ताओं के साथ भी समय बिताया। इस दौरान उन्होंने बीएपीएस स्वामीनारायण के इतिहास के बारे में भी बातचीत की। चर्चा के बाद एरिक एडम्स फिर सभा में आए और उन्होंने रामायण और महात्मा गांधी के बारे में बात की। वह हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म के बहुत अच्छे जानकार हैं और उन्होंने अपनी युवावस्था में बौद्ध भिक्षुओं के साथ श्रीलंका, भूटान और नेपाल की यात्रा की थी। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक नामित तुलसी गबार्ड के बाद, यह अक्षरधाम में किसी गेस्ट की दूसरी हाई–प्रोफाइल यात्रा है।

## साउथ कोरिया विमान हादसे के बाद बोइंग पर फिर उठने लगे सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ पहले ही लुढ़क रहे कंपनी के शेयर, खराब रहा साल 2024

वॉशिंगटन। साउथ कोरिया में हुए विमान हादसे में 179 लोगों की जान चली गई। मुआन शहर में हुए इस हादसे में कुल 181 यात्रियों में से केवल 2 लोगों की ही जान बच सकी। हादसे के बाद बोइंग विमान कंपनी पर फिर से सवाल उठने लगे है।

साल 2024 पहले ही बोइंग विमान कंपनी के लिए काफी खराब रहा है। विभिन्न देशों में चल रहे इसके विमान कई बार हादसे का शिकार हुए। इसके चलते कंपनी के शेयर की कीमत भी लगातार लुढ़कती रही। अब जब रविवार को कंपनी का एक और जेट विमान दक्षिण कोरिया (वनजी ज्ञवतमं च्संदम ब्तीं) में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तो बोइंग के लिए एक गलत घटना के साथ दुर्भाग्यपूर्ण वर्ष का अंत हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच अभी भी चल रही है और विमानन विशेषज्ञ रविवार की घटना को कंपनी की पिछली सुरक्षा समस्याओं से अलग देख रहे हैं। डेल्टा एयरलाइंस के सलाहकार और पूर्व मुख्य पायलट एलन प्राइस ने कहा कि रविवार की घटना को 2018 और 2019 में हुई बोइंग 737 मैक्स जेटलाइनर की दुर्घटनाओं से जोड़कर नहीं देखना चाहिए।

बता दें कि इस साल जनवरी में उड़ान के दौरान 737 मैक्स के दरवाजे का प्लग उखड़ गया था, जिससे विमान के बारे में और सवाल उठे। प्राइस ने कहा कि कोरिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 737–800 एक बहुत ही बेहतरीन प्लेन है। 2024 में कंपनी के शेयर की कीमत में 30 फीसद से अधिक की कमी आई है। सुरक्षा के लिए कंपनी की प्रतिष्ठा विशेष रूप से 737 मैक्स दुर्घटनाओं से धूमिल हुई थी। साल 2018 और 2019 में पांच महीने से भी कम समय के अंतराल में इंडोनेशिया के तट पर और इथोपिया में ये हादसे हुए थे, जिसमें कुल 346 लोग मारे गए थे। तब से पांच वर्षों में बोइंग को 23 बिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

सुरक्षा समस्याओं के बढ़ने के कारण बोइंग के सीईओ डेविड कैलहॉन पर भारी दबाव आ गया, जिसके बाद उन्होंने अगस्त में सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया।

### एच–1बी वीजा कार्यक्रम में बड़े सुधार की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका में एलन मस्क ने एच–1 बी वीजा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कुशल विदेशी श्रमिकों को लाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रणाली टूट गई है और इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। उनका कहना है कि वह एच–1बी वीजा कार्यक्रम को बचाने के लिए युद्ध तक कर सकते हैं। मस्क और भारतीय–अमेरिकी तकनीकी उद्यमी विवेक रामास्वामी हाल ही में आप्रवासन के ध्रुवीकरण मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति–चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के साथ भिड़ गए हैं। एलन मस्क जो खुद एच–1बी पर दक्षिण अफ्रीका से आए थे। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट किया, उन्होंने कहा कि एच–1बी कार्यक्रम टूट गया है और बड़े सुधार की आवश्यकता है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**समीक्षा**

## जिलाधिकारी द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की भी समीक्षा की

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करने एवं सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें माह में रोस्टरवार अधिकारियों को ग्राम पंचायतें आवंटित कर उन ग्राम पंचायतों में उनके द्वारा बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों द्वारा दर्ज समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार द्वारा सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विगत माहों में ग्राम पंचायतों में किए गए भ्रमण कार्यक्रमों एवं बैठकों में ग्रामीणों द्वारा दर्ज की गई समस्याओं एवं शिकायतों की समीक्षा



बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरकार की मंशा है कि अंतिम छोर में निवासरत व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से सभी अधिकारियों को रोस्टरध्माहवार ग्राम पंचायतें आवंटित की जा रही हैं तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा जो भी बैठकेंध्जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उन कार्यक्रमों में ग्रामीणों द्वारा जो भी शिकायतें दर्ज की जा रही हैं उन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ठीक तरह से डाटा तैयार करते हुए संबंधित शिकायतों को उचित कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को तत्परता से प्रेषित किया जाए तथा संबंधित विभागीय अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उस समस्या का शीघ्रता से शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं उन योजनाओं का भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए धरातल में योजनाओं की स्थिति के संबंध में स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी फोटोग्राफ्स के साथ गूगल सीट पर ग्राम पंचायत में आहूत की गई बैठक एवं जनता मिलन कार्यक्रम का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में भ्रमण के दौरान की गई घोषणाओं के संबंध में भी जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जो भी घोषणाएं की गई हैं उन घोषणाओं के संबंध में सभी विभाग शीर्ष प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में कोई शिथिलता एवं लापरवाही न की जाए। जिस स्तर से जो भी कार्यवाही की जानी है उसे गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी

### नागर निकाय निर्वाचन प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निकाय) श्याम सिंह राणा ने अवगत कराया है कि नागर स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2024–25 में विभिन्न पदों के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी आम जनता के लिए उपलब्ध है। इस संबंध में जिला अधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी रुद्रप्रयाग की वेबसाइट एवं उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### नंदप्रयाग में सड़क से भूस्खलन का मलबा हटने पर राहगीरों को मिली राहत

**संवाददाता** चमोली। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदप्रयाग में भारी भूस्खलन का मलबा साफ करने के बाद अब यहां पर आवागमन सरल हो गया है। तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को यहां पर यातायात में सहुलियत मिलने लगी है। मुख्यमंत्री ने एनएचआईडीसीएल को नंदप्रयाग में शीघ्र प्रोटेक्शन कार्य भी शुरू करने के निर्देश दिए है।

बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग में बरसात के दौरान भारी भूस्खलन से 500 मीटर से अधिक सड़क बुरी तरह मलबे से पटी हुई थी। जिस कारण यहां पर तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को आवगमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा था। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले का संज्ञान लेते हुए एनएचआईडीसीएल को तत्काल नंदप्रयाग में सड़क से मलबा साफ करने और आवगमन को सुचारू करने के निर्देश जारी किए। इस पर कार्यदायी संस्था ने प्रशासन के सहयोग से ट्रैफिक डायर्वट करते हुए 12 दिनों में काफी हद तक सड़क से मलबा साफ कर लिया गया है और नंदप्रयाग में अब दो वाहन आसानी से क्रॉस हो रहे है।

### यज्ञ करने से भगवान नारायण एवं समस्त देवी देवता होते हैं प्रसन्नः पवन कृष्ण शास्त्री

**संवाददाता** देहरादून। श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में महादेव विहार निरंजनपुर मंडी चौक देहरादून में पंवार परिवार के द्वारा पितृ मोक्ष के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है जिसमें अष्टम् दिवस देवभूमि हरिद्वार से आए हुए कथा व्यास भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए बताया प्रत्येक व्यक्ति को यज्ञ करना चाहिए यज्ञ करने से भगवान नारायण एवं समस्त देवी देवता प्रसन्न होते हैं। शास्त्री जी ने बताया कि जब ब्रह्मा जी के द्वारा सृष्टि की रचना की गई तो सभी देवी देवता ब्रह्मा जी के पास आ करके कहते हैं हमारी भूख शांत नहीं हो रही है पेट भर कर के हमें कुछ मिलता ही नहीं है। आप कुछ उपाय कीजिए देवताओं के निवेदन करने पर ब्रह्मा जी ने एक कन्या को उत्पन्न किया।

# कोल्ड स्टोरेज के लिए भूमि चयनित करने के निर्देश

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं उद्यान, पशुपालन, मत्स्य,रीप डेयरी विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के सीएलएफ में अवशेष धनराशि, जिला योजना, केन्द्र एवं राज्य सेक्टर योजनाओं, मनरेगा एवं अन्य विभागीय योजनाओं के युगपतिकरण, शीतकालीन पौधों के वितरण को लेकर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारी को हाइड्रोपोनिक्स पद्वति पर काम करने और इस तकनीकी का प्रशिक्षण देने, कोठियालसेंण में उद्यान की खाली पड़ी भूमि पर चारा को लेकर पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में काम करने, जनपद के सेब उत्पादित क्षेत्र नीति मलारी बडगांव के मध्य में कोल्ड स्टोरेज के लिए भूमि चयनित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन अधिकारी को जिलासू में हैचरी डेवलेप करने के साथ ही थराली में विकसित गोट वैली का पशुपालन की टीम के साथ निरीक्षण करने और जनपद में गोट वैली के तहत किए जा रहे कार्यो की प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही मत्स्य विभाग को ट्राउट का क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक निबंधक, सहकारिता को योजनाओं की पूर्ण जानकारी न होने पर नाराजगी जताते हुए अगली बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ आने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार, अपर परियोजना निदेशक केके पन्त, कृषि अधिकारी जयप्रकाश तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## निकाय चुनाव के लिए पोलिंग कार्मिकों का हुआ पहला रेन्डमाइजेशन

**संवाददाता** चमोली। जिले की 10 निकाय क्षेत्र में 80 पोलिंग बूथों के लिए रिजर्व सहित बनाई गई 103 पोलिंग पार्टियां। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के सफल सम्पादनार्थ हेतु सोमवार को जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी (स्था0नि0) संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में मतदान कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। जिले की 04 नगर पालिका परिषद व 06 नगर पंचायत में बनाए गए 80 पोलिंग बूथों के लिए 23 रिजर्व पार्टी सहित 103 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय शामिल है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में मतदान कार्मिक द्वितीय के रूप में एक महिला कार्मिक की तैनाती की गई है। पोलिंग कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। कार्मिकों के दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन में पोलिंग पार्टियों को बूथ आवंटित किए जाएगे।

# सीएम ने शीतकालीन यात्रा में सुविधाओं को चाक चौबंद रखने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

**शीतकालीन यात्रा ने तोडा रिकार्ड, पिछले 10 दिनों में पहुंचे 5 हजार से अधिक तीर्थयात्री**

चमोली। उत्तराखंड सरकार द्वारा चारों धामों की शीतकालीन यात्रा शुरू करने के बाद शीतकालीन गद्दी स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे है। चमोली जिले में स्थिति पाण्डुकेश्वर, ज्योतिर्मठ नरसिंह मंदिर, गोपीनाथ मंदिर सहित भगवान के अन्य शीतकालीन प्रवास स्थलों पर पिछले 10 दिनों में रिकार्ड पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतलहर से बचाव और शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पर्यटन अधिकारियों को शीतकाल प्रवास स्थलों और उसके आस–पास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। ताकि बडी संख्या में पहुंच रहे तीर्थयात्रियों को दिक्कत न हो। सीएम ने शीतकालीन प्रवास स्थलों का प्रचार प्रसार करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए सभी प्रभावी उपाय किये जाए। जनपदों में रैन बसेरों में ठहरने वालों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। शासन के वरिष्ठ अधिकारी और जनपदों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रैन बसेरों की व्यवस्था का समय–समय पर निरीक्षण करें। शीतलहर के दृष्टिगत जरूरतमंदों को कंबल, दस्ताने, मौजे और अन्य आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बर्फवारी के कारण सड़के अधिक देर तक बाधित न हों, जिन क्षेत्रों में बर्फवारी अधिक होती हैं, उन स्थानों पर सड़कों से बर्फ हटाने के लिए आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन किया जाए। ताकि तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। इस दौरान सीएम ने जिलाधिकारी से शीतलहर से बचाव के लिए जनपद में की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा बैठक

**संवाददाता** चमोली। मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें स्वजल, जिला पंचायत एवं पंचायत राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वच्छता कार्यों की गहन समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया गया कि विकास खण्डों में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में कॉम्पेक्टर स्थापित कर कॉम्पेक्टरो का संचालन किया जाय। ग्राम पंचायत को साफ–सुथरा रखने हेतु गांव के चयनित स्थान से विकास खण्डों को उपलब्ध कराई गई कूड़ा गाड़ियों के माध्यम से कूडा एकत्रित कर कॉम्पेक्टर शेड तक लाया जाय। ताकि ग्राम पंचायत के कूड़े का उचित निस्तारण किया जा सके। बैठक में परियोजना प्रबंधक परियोजना निदेशक आनंद सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रकाश चंद्र कांडपाल एवं अपर मुख्य अधिकारी आदि मौजूद थे।



*सफलता की राह में रोकने वाले हजारों लोग मिल जाएंगे परंतु खुद को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। -अज्ञात*



# वन संरक्षण पर हो जोर

**निश्चित रूप से इन प्रयासों की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र के भरे-पूरे पेड़ों की वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों से तब तक तुलना नहीं हो सकती, जब तक कि ये पौधे पूरी तरह विकसित नहीं हो जाते।**

रहीस सिंह।।

देश में वन क्षेत्र की स्थिति बताने वाली ताजा रिपोर्ट इस मायने में पॉजिटिव कही जा सकती है कि यह न केवल ट्री कवर बल्कि फॉरेस्ट कवर भी बढ़ने की जानकारी देती है। लेकिन रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से गौर करें तो कुछ ऐसे सवाल भी उभरते हैं,जो इस पॉजिटिविटी से अलग कड़वी हकीकत की ओर संकेत करते हैं।

पहली नजर में यह तथ्य राहत दे सकता है कि देश में पिछले दो वर्षों में वन और वृक्ष क्षेत्र का दायरा देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के एक चौथाई से ज्यादा (25.17 प्रतिशत) हो गया है। लेकिन इसे भी भुलाया नहीं जा सकता कि राष्ट्रीय वन नीति 1988 के मुताबिक, पारिस्थितिकीय स्थिरता कायम रखने के लिए देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र होना चाहिए।

खास बात यह भी है कि हरियाली क्षेत्र में जो बढ़ोतरी दर्ज की गई है, उसका अधिकतर हिस्सा प्राकृतिक वन क्षेत्र (रेकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया) से बाहर है, जो प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री का नतीजा है। निश्चित रूप से इन प्रयासों की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र के भरे-पूरे पेड़ों की वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों से तब तक तुलना नहीं हो सकती, जब तक कि ये पौधे पूरी तरह विकसित नहीं हो जाते। कुल हरियाली क्षेत्र में हो रही इस बढ़ोतरी के बीच भी इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में प्राकृतिक वनों के नष्ट होने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी रिपोर्ट में 1234.95 वर्ग किलोमीटर मॉडरेटली डेंस फॉरेस्ट (कम घने जंगल) और 1189.27 वर्ग किलोमीटर ओपन फॉरेस्ट नष्ट होने की बात कही गई है। हालांकि वेरी डेंस फॉरेस्ट (अधिक घने जंगल) की कैटिगरी में 2431.50 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी भी हुई है।



मगर इससे यह संकेत मिलता है कि जंगलों के स्तर और उसकी प्रकृति में बदलाव आ रहा है।

ऐसे में वन संशोधन नियम (2023) को लेकर चल रही बहस की अहमियत भी बढ़ जाती है। इस संशोधन में गैर वर्गीकृत जंगल का संरक्षण हटाने की बात है। वैसे, मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है, लेकिन गौर करने की बात है कि इस श्रेणी में टोटल फॉरेस्ट कवर का 16 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा आ जाता है जो इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से संभावित खतरे के दायरे में आ जाएगा।

कुल मिलाकर, प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री के जरिए हरित क्षेत्र का दायरा बढ़ाने का प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र का संरक्षण भी उतना ही अहम है।

## विनम्र स्वर



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** जल के अतिरिक्त यहां कुछ भी नहीं बचेगा। तब आपके पास एक नाव पहुंचेगी और उस समय आप सभी प्रकार के जरूरी अनाज, औषधि, बीज एवं सप्त ऋषियों को साथ लेकर उस नाव पर सवार हो जाइएगा। मैं उसी समय आपसे दोबार मिलूंगा। ब्रह्मा जी को सौंप दिए गए सभी वेद सात दिन बाद पृथ्वी जल मग्न होने लगी, तब सत्यव्रत ने भगवान विष्णु की कही गई सभी बातों को पूरा करते हुए नाव पर सवार हो गएं। सागर के भारी वेग से नाव अपने आप चलने लगी। इस दौरान राजा को विष्णु जी फिर मत्स्य रूप में नजर आएं,जिनके दर्शन से वहां मौजूद सभी धन्य हो गएं। इसके साथ ही भगवान ने हयग्रीव का वध कर सभी वेदों को फिर से ब्रह्मा जी को सौंप दिया और पूरे जगत को हयग्रीव के अत्याचार से बचा लिया। **...शेष कल**

## संपादकीय

### प्रेरणा के स्रोत

अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक श्रेष्ठ राजनेता और विचारक थे, बल्कि वे करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत भी हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति केवल शासन का काम नहीं है, बल्कि सेवा और आदर्शों का माध्यम भी है। वे योग्य राजनेता, कूटनीतिज्ञ, विचारक, और कवि थे। उनका पूरा जीवन न केवल भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय हैं, बल्कि उनकी कविताएँ एवं कृतित्व आज भी हर भारतीय के दिल में उनकी यादों को जीवित रखते हैं। ऐसा भी मौका आया जब पोखरण में परमाणु परीक्षण हुआ और अमेरिका ने भारत पर कड़े प्रतिबंध लगाये। अटल निश्चिंत रहे उन्होंने संसद से दुनिया को ये साफ संदेश दिया कि ये भारत बदला हुआ भारत है, दुनिया से आंख मिलाकर और हाथ मिलाकर चलना चाहता है। किसी प्रतिबंध से झुकेगा नहीं और शांति और सुरक्षा के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। इसका नतीजा रहा कि आज भारत की वैश्विक शक्ति और साख पूरी दुनिया में जो बढ़ी हुई है उसकी नींव अटल ने ही रखी थी। देश में सामाजिक न्याय, दूसरी संचार क्रांति, स्वर्ण चतुर्भुज एवं ग्रामीण सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, कारगिल लड़ाई में विजय जैसे अभियानों से देश को नई दिशा दी। अटल जी की सम्मोहक वाणी, काव्य आत्मीयता और राष्ट्रहित के प्रति उनकी निष्ठा उन्हें युगपुरुष बनाती है। वे सही मायनों में "अटल" थे अद्वितीय, अनमोल और अडिग।


भारतीय राजनीति के इस दिव्य पुरुष ने ना केवल अपने कामों के माध्यम से देश को गौरवान्वित किया, बल्कि अपनी ओजस्वी कविताओं और मधुर भाषाशैली से लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी।

# हर आयाम में प्रेरणादायक

डॉ. अंकुश त्रिपाठी।।

अटल बिहारी वाजपेयी स्वतंत्र भारत के ऐसा व्यक्तित्व हैं, जिनकी जीवन यात्रा राजनीति से लेकर साहित्य तक और विचारधारा से लेकर काव्य तक, हर आयाम में प्रेरणादायक है। भारतीय राजनीति के इस दिव्य पुरुष ने ना केवल अपने कामों के माध्यम से देश को गौरवान्वित किया, बल्कि अपनी ओजस्वी कविताओं और मधुर भाषाशैली से लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। वे बहुत बड़े ओहदे पर भी पहुंचकर शांतचित्त, निर्विकार, निर्द्वंद्व और उतने ही संवेदनशील बने रहे जितना कि उनका कवि हृदय पहले था। अपनी कविताओं के माध्यम से वे दूसरों को भी कहते हिदायतें देते हैं कि बड़े बन कर ठूंठ के जैसे खड़े होना अकेला हो जाना विकल्प नहीं है।

साल 1996 की 31 मई को उनकी सरकार को महज 13 दिन ही हुए थे, वह सदन का विश्वास हासिल करने में विफल रहे थे और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। तब उनका ओजपूर्ण भाषण पूरे देश में चर्चित हुआ था। उन्होंने कहा था, देश आज संकटों से घिरा है और ये संकट हमने पैदा नहीं किए हैं, जब-जब कभी आवश्यकता पड़ी, संकटों के निराकरण में हमने उस समय की सरकार की मदद की है, सत्ता का खेल तो चलेगा, सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी बिगड़ेंगी, मगर ये देश रहना चाहिए, इस देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए। उनकी सरकार गिर गई लेकिन उनमें हिम्मत बाकी थी, फिर वे ही अटल थे जिन्होंने 13 महीने और फिर 1999 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता के तौर पर 24 दलों के समर्थन से तीसरी प्रधानमंत्री बने और पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया।



अटल सबके थे, सब उनके थे। विरोधी भी उनके अपने थे तभी तो जवाहरलाल नेहरू भी उनके भाषणों को सुनने के लिए उत्सुक रहते थे कारण, उनकी वाक्पटुता और हाजिरजवाबी। उनका कवि होना उनकी राजनीतिक यात्रा में बाधक नहीं बना बल्कि यह उन्हें शीर्ष पर के जाने का साधक साबित हुआ। वे साहित्य को अधिनायकवादियों तक पर अंकुश का एक असरदार माध्यम मानते थे। उनकी पुस्तक 'मेरी इक्यावन कविताएं' के सम्पादक डॉ. चन्द्रिकाप्रसाद शर्मा ने उनसे इसको लेकर सीधा सवाल भी किया था कि "साहित्यकार को राजनीति से कितना सरोकार रखना चाहिए?" तो अटल का स्पष्ट उत्तर था "साहित्य और राजनीति के कोई अलग-अलग खाने नहीं हैं। जब कोई साहित्यकार राजनीति करेगा तो वह अधिक परिष्कृत होगी। यदि राजनेता की भूमि साहित्यिक है तो वह मानवीय संवेदनाओं को नकार नहीं सकता। कहीं कोई कवि यदि डिक्टेटर बन जाए तो वह निर्दोषों के खून से अपने हाथ नहीं रंगेगा। तानाशाहों में क्रूरता इसीलिए आती है कि वे संवेदनाहीन हो जाते हैं। एक साहित्यकार का हृदय दया, क्षमा, करुणा आदि से आपूरित रहता है, इसलिए वह खून की होली नहीं खेल सकता।"

अटल बिहारी वाजपेयी को अक्सर "सबका दोस्त" भी कहा जाता था। इस उपाधि के पीछे उनकी अजातशत्रु छवि थी। वह राजनीतिक विरोधियों के साथ वैचारिक असहमति के बावजूद उनके प्रति सम्मान बनाए रखते थे। संसद में उनके भाषण सटीक उदाहरण हैं, जिनमें व्यंग्य का पुट होता था लेकिन कड़वाहट नहीं। राजनीति के इस दुर्लभ गुण ने उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाया। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत को मजबूती से स्थापित किया।

### सूडोकु नवताल- 5347

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### भाषणों से गुदगुदाते थे

**मोहन।** रूस, अमेरिका और एशियाई देशों के साथ संबंधों को मजबूत करते हुए उन्होंने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की दिशा में कार्य किया। यही कारण है कि वे न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भी सम्मानित हुए। वे अपने भाषणों से गुदगुदाते थे, कभी गंभीर बना देते थे, कभी रोष से भर देते थे। उनका आकर्षण ऐसा था कि लोग एकटक बिनाशोरगुल किए उनको सुनते थे। उनको सुनने के लिए लोग बहुत दूर-दूर से आते थे। लखनऊ में डॉ. दिनेश शर्मा का चुनाव प्रचार करने वे आखिरी बार 2006 में यहाँ आये थे और कपूरथला चौराहे पर रात में उनकी सभा हुई थी। लखनऊ की इसी आखिरी सभा में उन्होंने दिनेश शर्मा को मेयर के लिए चुनने के लिए लखनऊवसियों से हास्यविनोद भी किया था। उन्होंने सभा में आये लोगों से पूछा, 'अगर मैं केवल कुर्ता पहनूं और पायजामा न पहनूं, तो कैसा दिखूंगा?' अटल के इस सवाल पर जनता हैरत में थी कि दरअसल अटल क्या कहना चाहते हैं? इस बीच कोई चिल्लाया खराब दिखेंगे। इस पर अटल ने कहा, 'लखनऊ से सांसद का चुनाव जिताकर आप लोगों ने मुझे कुर्ता दिया। अब आपको मुझे नगर निगम मेयर चुनाव में जिताकर पायजामा भी देना चाहिए।' इस पर पूरी सभा ठहाकों से भर गई।






## एक्ट्रेस उर्मिला कानिटकर एक्सीडेंट में बुरी तरह जख्मी

मराठी एक्ट्रेस उर्मिला कानिटकर उर्फ उर्मिला कोठारी का 27 दिसंबर की शाम घातक एक्सीडेंट हो गया। इसमें जहां एक्ट्रेस को चोट आई, वहीं एक मजदूर की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उर्मिला कानिटकर काम से वापस आ रही थीं और वह कार में थीं, जिसे ड्राइवर चला रहा था। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने अचानक ही कंट्रोल खो दिया और कार से पोइसर मेट्रो स्टेशन के पास दो लोगों को टक्कर मार दी। इसमें एक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। उर्मिला को भी चोट आई और अभी वह अस्पताल में हैं, जहां इलाज चल रहा है। घटना 27 दिसंबर की रात 12.45 बजे कांदिवली ईस्ट की है। समता नगर पुलिस स्टेशन में ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, कार के अंदर रखे एयरबैग की वजह से उर्मिला कानिटकर मरते–मरते बचीं। हालांकि, एक बड़े हादसे के कारण उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने यह भी बताया कि कार पूरी रफ्तार में थी और पोइसर मेट्रो स्टेशन के पास दो मेट्रो कर्मचारियों को टक्कर मार दी। इस घटना ने वाकई सभी को सदमे में डाल दिया है। उर्मिला कानिटकर की बात करें तो उन्होंने दुनियादारी और शुभमंगल सावधान जैसी मराठी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने एक्टर महेश कोठारी के बेटे आदिनाथ कोठारी से शादी की। पति आदिनाथ ने बताया कि उर्मिला अभी हॉस्पिटल में हैं और रिकवर हो रही हैं।

## किटू गिडवानी बोलीं– हमें मालूम नहीं पड़ा कि पैरेंट्स ने कितनी गरीबी देखी

स्वाभिमान की श्वेतलाना हो या फिर जुनून की मिनी अग्रवाल, ये वो दौर था जब किटू गिडवानी के ग्लैमर के सामने बड़ी–बड़ी एक्ट्रेसेस भी फेल थीं। टीवी इंडस्ट्री पर अपना धाक जमा चुकीं किटू ने ढेर सारी बॉलीवुड फिल्मों के साथ फ्रेंच फिल्म में भी काम किया। किटू ने उस दौर में आज के जमाने की तरह काम किया और कई टैबू तोड़ डाले। पिछले दिनों उन्होंने अपने करियर, फैमिली और फिल्मी जगत के अनुभवों को लेकर दिल खोलकर बातें कीं। उन्होंने सिद्धार्थ कन्नन के यूट्यूब चैनल पर अपने दौर की कई कहानियां और किस्से सुनाए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान से भारत भागकर आई उनकी फैमिली ने क्या कुछ देखा और उनकी जिंदगी रही थी। सिद्धार्थ ने उनसे पूछा, आपके पैरेंट्स ने बहुत हार्डशिप देखी थी न लाइफ में? इसपर किटू गिडवानी ने कहा, वो रेफ्यूजीज थे, जब पार्टिशन हुआ था, वो बहुत छोटे थे लगभग 6–8 साल के, उनको भागना पड़ा, पूरी फैमिली आ गई मुंबई। उन्हें भागना पड़ा। लोग पार्टिशन के बारे में ज्यादा बातें नहीं करते, पता नहीं क्यों लेकिन ये बहुत बड़ा ट्रैजिडी था।

## प्रियंका चोपड़ा के फैंस के लिए खुशखबरी! राजामौली की फिल्म में आएंगी नजर



प्रियंका चोपड़ा के इंडियन सिनेमा में कमबैक का उनके फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। सिनेमाघरों में उनकी पिछली फिल्म 2019 में रिलीज द स्काई इज पिंक थी। जबकि 2021 में वह ओटीटी रिलीज द व्हाइट टाइगर में नजर आई थीं। इसके बाद जब फरहान अख्तर ने जी ले जरा पर काम शुरू किया, तो फैंस खुश हो गए, लेकिन फिर यह फिल्म पोस्टपोन होती चली गई। लेकिन अब बॉलीवुड ना सही, तेलुगू फिल्मों से प्रियंका भारतीय सिनेमा में कमबैक करने वाली हैं। खबर है कि उन्हें एसएस राजामौली ने अपनी अगली फिल्म में कास्ट किया है, जिसमें वह महेश बाबू के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। एसएस राजामौली के इस अनूठे अफ्रीकी जंगल एडवेंचर फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। लेकिन इसमें महेश बाबू भगवान हनुमान के गुणों वाले एक रिसर्चर की भूमिका में होंगे। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, राजामौली इस फिल्म में बाहुबली और आरआरआर के बाद एक महाकाव्य कहानी लेकर आ रहे हैं। फिल्म अप्रैल 2025 में फ्लोर पर आ जाएगी और इसमें महेश बाबू के साथ प्रियंका चोपड़ा को कास्ट कर लिया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि राजामौली की यह फिल्म भी पैन इंडिया होगी और इसे वर्ल्डवाइड बड़े लेवल पर रिलीज किया जाएगा।

# सलमान खान की सिकंदर का टीजर देख फैंस क्रेजी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म सिकंदर का टीजर रिलीज हो चुका है और इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सलमान खान किलर एक्शन अवतार एकदम खौफनाक है और रोंगटे खड़े कर देता है। एक मिनट 41 सेकेंड के टीजर में सलमान ने एकदम समां बांध दिया और फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फैंस काफी समय से सिकंदर के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, और ऐसा लगता है कि यह इंतजार सफल और मीठा साबित हुआ, क्योंकि फैंस की मानें तो इसने उनका दिल लूट लिया है।*

**सुना है मेरे पीछे बहुत लोग पड़े हैं....**

तभी सलमान की आवाज आती है, सुना है कि बहुत लोग मेरे पीछे पड़े हैं?...बस मेरे मुड़ने की देर है। इतना कहकर सलमान उन गुंडों को ताबड़तोड़ मारने लगते हैं। सलमान टीजर में जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। उनका अंदाज और लुक भी कमाल लग रहा है। टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी दिल–दिमाग में हलचल पैदा कर देता है। मन ये सोचने पर मजबूर हो जाता है कि आगे क्या होने वाला है।

**सलमान के बर्थडे पर रिलीज होने वाला था सिकंदर का टीजर**

शसिकंदरश को एआर मुरुगदॉस ने डायरेक्ट किया है और इसमें सलमान के ऑपोजिट रश्मिका मंदाना हैं। पहले टीजर को सलमान के 59वें बर्थडे पर 27 दिसंबर को रिलीज किया जाना था, पर इसे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के शोक में पोस्टपोन कर दिया गया था।




**सिकंदर का बजट 400 करोड़ रुपये**

सिकंदर एक एक्शन थ्रिलर है और इसका बजट 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। सलमान इसमें एरियल से लेकर एक्रोबेट और कॉम्बैट एक्शन सीन्स करते नजर आएंगे। इसके लिए हॉलीवुड के नामी स्टंट डायरेक्टर्स की मदद लेने की खबरें आई थीं।

**एक एक्शन सीन में 10 हजार गोलियां और पिस्तौल इस्तेमाल**

सिकंदर का पहला एक्शन सीन एक एरियल सीक्वेंस होगा, जिसमें सलमान गुंडों से हवा में लटकते हुए मार–धाड़ करते नजर आएंगे। वहीं एक एक्शन सीन्स के लिए मेकर्स ने 10 हजार बुलेट और पिस्तौल का इस्तेमाल किया। इस सीक्वेंस को 40 दिन में शूट किया गया था।

**फैंस बोले- सिकंदर बाकी रेकहर्ड्स को धूल बना देगी**

फैंस का कहना है कि सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट होगी और नया बॉक्स ऑफिस रेकॉर्ड बनाएगी। कुछ का कहना है कि सिकंदर की रिलीज के बाद सारे बॉक्स ऑफिस रेकॉर्ड्स धूल बन जाएंगे। फैंस ने टीजर में सलमान खान के डायलॉग और बैकग्राउंड म्यूजिक की भी तारीफ की है।

**ईद 2025 पर रिलीज होगी सिकंदर, रश्मिका को रखा सीक्रेट**

सिकंदर को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है, जबकि एआर मुरुगदॉस डायरेक्टर हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी न तो फर्स्ट लुक और ना ही टीजर में उनकी कोई झलक दिखाई है। यह मेकर्स की एक खास स्ट्रैटिजी हो सकती है क्योंकि उन्होंने सलमान और रश्मिका की केमिस्ट्री भी नहीं दिखाई है। सिकंदर ईद 2025 में रिलीज होगी। फिल्म का बजट करीब 400 करोड़ रुपये है और इसमें एक्शन सीक्वेंस के लिए इंटरनेशनल स्टंट डायरेक्टर्स की मदद ली गई है।

# पीरियड्स क्रैम्प पर बोलीं गोविन्दा की बेटी, मेरी बॉडी एकदम देसी



*एक्टिंग से अलग अपना बिजनेस शुरू कर चुकीं टीना ने अपनी लाइफ के अलग–अलग पहलुओं पर बातें कीं। चौट के दौरान, उन्होंने पीरियड्स के बारे में भी बात की और दावा किया कि पीरियड्स क्रैम्प केवल मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों की लड़कियों की प्रॉब्लम है। उन्होंने कहा कि अन्य शहरों में रहने वाली महिलाओं को वास्तव में किसी भी चीज से परेशानी नहीं होती है।*

**केवल मुंबई और दिल्ली की इन लड़कियों को क्रैम्प**

उन्होंने यह भी दावा किया कि पीरियड्स में होने वाली क्रैम्प केवल साइकॉलॉजिकल दिक्कत है। टीना ने कहा, मैं ज्यादातर चंडीगढ़ में रही हूं और मैंने केवल मुंबई और दिल्ली की इन लड़कियों को क्रैम्प के बारे में बातें करते हुए सुना है। आधी समस्या इन सर्कल्स को सेट करने से आती है जो प्रॉब्लम के बारे में बाते कर रहे हैं और कभी–कभी जिन लोगों को क्रैम्प नहीं होते वे भी इसे साइकॉलॉजिकली महसूस करने लगते हैं। पंजाब और अन्य छोटे शहरों में महिलाओं को पता भी नहीं चलता कि उन्हें कब पीरियड्स आता है और कब मेनोपॉज होता है। उन्हें कुछ भी महसूस नहीं होता।

**मुझे क्रैम्प कभी महसूस नहीं होता**

इसके बाद उन्होंने पीरियड्स में होने वाले दर्द के लिए महिलाओं की खान–पान और उनकी गलत आदतों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, श्मेरी बॉडी एकदम देसी है, मुझे पीठ दर्द और क्रैम्प कभी महसूस नहीं होता। लेकिन, यहां मैं लड़कियों को हमेशा क्रैम्प के बारे में बात करते सुनती हूं। आप अपना घी खाएं, अपना खान–पान सही करें, बेवजह की डाइटिंग छोड़ें, अच्छी नींद लें, चीजें सामान्य हो जाएंगी। ज्यादातर लड़कियां डाइटिंग के प्रति अपने ऑब्सेशन के कारण परेशान रहती हैं।

**सुनीता बोलीं- मुझे दोष मत देना कि गोविंदा की बीवी ने कहा**

वहीं टीना की मां सुनीता भी अपनी बेटी की बातों से सहमत दिखीं। हालांकि, उन्होंने दर्शकों को अपने खानपान में कुछ भी शामिल करने या बाहर करने से पहले अपने डॉक्टरों से सलाह लेने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, श्बाद में मुझे ये कहकर दोष मत देना कि गोविंदा की बीवी सुनीता ने एक चमचा घी खाने बोला और दिल में ब्लॉकेज हो गया।

# आंवला खा रहे हो? पहले जान लो खाना चाहिए भी या नही



*आंवला एक सुपरफ्रूट है, जो शरीर के लिए बहुत लाभदायक साबित होता है। इसके अंदर संतरे से कई गुना ज्यादा विटामिन सी होता है। कमजोर इम्यूनिटी से लेकर मोटापे तक, कई स्थितियों में इसका सेवन किया जा सकता है। आंवले के रस को आयुर्वेद औषधीय गुणों से भरपूर मानता है।*

**लो ब्लड शुगर**

हाइपोग्लाइसीमिया के कारण ब्लड शुगर का स्तर बहुत कम रहता है। ऐसे लोगों को कच्चा आंवला नहीं खाना चाहिए। अगर आप खाना ही चाहते हैं तो आंवले की कैंडी या मुरब्बा का सेवन कर सकते हैं। भोजन के बाद इसे लेना अच्छा हो सकता है। डायबिटीज की भारी दवाएं चलने पर भी ज्यादा आंवला नहीं खाना चाहिए। इससे ब्लड शुगर अचानक बहुत कम हो सकता है।

**ब्लीडिंग डिसऑर्डर**

जब खून में सामान्य तरीके से थक्के नहीं जम पाते तो ब्लीडिंग डिसऑर्डर बन जाता है। इन विकारों में ब्लीडिंग ज्यादा होती है। शोध आंवले को भी anticoagulant बताता है। जिसका काम खून के थक्कों को कम करके खून को पतला करना होता है। ऐसे लोगों को आंवला खाने से बचना चाहिए या फिर एक्सपर्ट से इसकी सही मात्रा व तरीका जान लें।

**हाल ही में सर्जरी से गुजरे**

अगर आप किसी सर्जरी को प्लान कर रहे हैं या फिर हाल ही में सर्जरी से गुजरे हैं तो आंवले का सेवन कम कर दें। क्योंकि जैसा कि ऊपर बताया यह खून पतला करने और थक्कों को कम करने का काम करता है। जिसके कारण सर्जरी के दौरान ज्यादा खून बह सकता है।

**खून पतला करने वाली दवा खाने वाले**

हाई कोलेस्ट्रॉल या ब्लॉकेज के मरीजों को खून पतला करने वाली दवाएं खिलाई जाती हैं। इन लोगों को ज्यादा आंवला नहीं खाना चाहिए। इससे खून ज्यादा पतला हो सकता है। आंवला खाने से पहले डॉक्टर की राय जरूर ले लें।

**हाइपरएसिडिटी**

आंवला की प्रकृति खट्टी और तीखी होती है। खाली पेट कच्चा आंवला हाइपरएसिडिटी को गंभीर बना सकता है। इन लोगों को आंवला पाउडर का सेवन करना चाहिए या फिर भोजन के बाद थोड़ा खाएं।

**नमक लगाकर खाएं आंवला**

आंवला में एक रस के अलावा सभी रस मौजूद होते हैं। इसके अंदर नमकीन रस नहीं होता। इसलिए नमक के साथ आंवला को संपूर्ण खाद्य पदार्थ बनाया जा सकता है। इसकी खट्टास भी थोड़ी कम हो जाएगी।



## मटके जैसे पेट को सुराही की तरह पतला कर देंगी ये चीज

पेट पर जमी चर्बी गंदगी का रूप है। यह मोटापा बढ़ाती है और मोटापा कई सारी बीमारियों को जन्म देता है। इसके कारण चेहरे का निखार चला जाता है और बेजान लगने लगता है। डॉक्टर मोटापे को डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों की जड़ मानते हैं। जिम–डाइटिंग के बिना वेट लॉस कैसे करें? लोगों को लगता है कि वेट लॉस करने के लिए जिम जाना या डाइटिंग करना बहुत जरूरी है। लेकिन अगर आप शारीरिक गतिविधि को बढ़ाकर गलत खानपान को छोड़कर सही घरेलू उपाय आजमाएं तो आसानी से वजन कम किया जा सकता है। डॉक्टर निशांत गुप्ता ने वेट लॉस का एक घरेलू नुस्खा बताया है, जो 15 दिन में असर दिखा देगा। यह आपके पेट की चर्बी कम करने के साथ चेहरे का निखार लाने में भी मदद करेगा। डॉक्टर के मुताबिक वेट लॉस की इस ड्रिंक को लगातार 15 दिन सेवन करना है। इससे पेट की सारी गंदगी निकल जाएगी और मोटापा कम हो जाएगा। इस उपाय से चेहरे पर निखार आने लगेगा।

## 4 गुना जल्दी निकलेगी गंदगी, गिनकर ले आएं नीम के इतने पत्ते

खून की गंदगी कई सारी दिक्कतें पैदा कर सकती हैं। हम जो कुछ भी खाते हैं, वो खून में जा मिलता है। जब हम अनहेल्दी चीजें खाते हैं तो उसके कण भी ब्लड के अंदर पहुंच जाते हैं। इन्हें साफ करने के लिए किडनी और लिवर काम करते हैं। खून को साफ कैसे करें? लेकिन कई बार टॉक्सिन इतने ज्यादा हो जाते हैं कि लिवर और किडनी से निकल नहीं पाते हैं। यह खून के अंदर बढ़ने लगते हैं और शरीर को अंदर से खराब करने लगते हैं। ज्यादा प्रेशर के कारण किडनी और लिवर खराब हो जाते हैं। डॉक्टर सलीम जैदी ने एक नेचुरल ब्लड क्लीनर के बारे में बताया है। एक्सपर्ट के मुताबिक यह 2 मिनट के अंदर चार गुना तेजी से खून साफ करने में मदद करेगा। इसके लिए आपको नीम के पत्तों का सही उपयोग करना आना चाहिए। डॉक्टर सलीम जैदी ने बताया कि ऑयली खाना, पॉल्यूशन या अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से खून के अंदर टॉक्सिन जम जाते हैं। ये विषाक्त पदार्थ लिवर या किडनी के ऊपर बोझ डालते हैं। जिससे शरीर आलसी और कमजोर हो जाता है। नीम एक नेचुरल डिटॉक्सिफायर है। नीम के पत्ते या फिर उसका पानी खून साफ करने के लिए एक पावरहाउस है। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लामेटरी प्रॉपर्टी होती हैं।

# गलत जगह डालते हैं सबसे पहले पानी, तभी आते हैं ज्यादा हार्ट अटैक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*सर्दियों के मौसम में हार्ट अटैक के मामले बहुत ज्यादा देखने को मिलते हैं। इनमें से कई सारे मामलों में बाथरूम के अंदर हार्ट अटैक आता है। जिसमें से कई सारे लोगों की जान बच नहीं पाती। नहाने का गलत तरीका इसके पीछे का कारण हो सकता है और करीब 90 प्रतिशत लोग ऐसे ही नहाते हैं।*

**ठंड में नहाने का सही तरीका नहीं जानते लोग**

ठंड में खून की नलियां सिकुड़ जाती हैं और दिल को ब्लड पंप करने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। इससे हृदय पर तनाव बढ़ जाता है और हार्ट अटैक आ सकता है। कोलेस्ट्रॉल की समस्या इस खतरे को और ज्यादा कर देती हैं। इस मौसम में नहाते हुए गलती करना भारी पड़ सकता है। डॉक्टर निशांत गुप्ता का कहना है कि इस खतरे से गर्म पानी भी नहीं बचा सकता। ठंडे पानी से नहाएं या फिर गर्म पानी से, अगर तरीका सही नहीं है तो खतरा हमेशा मंडराता रहेगा।

**सिर पर पानी डालने की गलती**



जब कोई नहाने जाता है तो सबसे पहले सिर के ऊपर पानी डालता है और यहीं गलती हो जाती है। जो लोग शॉवर से नहाते हैं, वो अधिकतर बार यही गलती करते हैं। सिर पर पानी डालने से हार्ट अटैक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

**नहाने का बेस्ट तरीका**

डॉक्टर कहते हैं कि पानी ठंडा हो या गर्म, लेकिन ठंड में एकदम से सिर पर पानी नहीं डालना चाहिए।
सबसे पहले थोड़े पानी को पैरों पर डालकर मलें।
इसके बाद पेट पर पानी डालकर मलें और फिर छाती पर मलें।
इसके बाद सिर पर पानी डालना चाहिए।

**ऐसे बचेगी जान**

डॉक्टर का कहना है कि ठंड में नहाने का यह तरीका शरीर के अंदर एक तरह का थर्मोस्टेट बनाता है। जो कि बदन का तापमान सामान्य रखता है। बता दें कि थर्मोस्टेट एक डिवाइस है जिसे तापमान को कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**ये लोग रहें ज्यादा सावधान**

जिन लोगों का कोलेस्ट्रॉल या डायबिटीज हाई है उन्हें ज्यादा संभल कर रहना चाहिए। ठंड में पैरों में दर्द रहना, थकान, सीने में दर्द उठना जैसी दिक्कतें दिल की खराब हेल्थ का इशारा कर सकती हैं। जिसके बाद हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

## जाने–अनजाने में कहीं शुगर तो नहीं खा रहे आप?



डायबिटीज एक लाइलाज और जानलेवा बीमारी है, जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। इस रोग के चलते कई अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। वहीं, अगर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में न रखा जाए, तो डायबिटीज जानलेवा बन सकती है। दुनियाभर में हर साल मधुमेह के चलते लाखों मौत हो जाती हैं। अमेरिका में डायबिटीज मौत के टॉप 10 प्रमुख कारणों में से एक है। डायबिटीज की बीमारी खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने की वजह से होती है। खराब लाइफस्टाइल, कम फिजिकल एक्टिव रहने और गलत खानपान की आदतें इस बीमारी के जोखिम को और भी बढ़ाने का काम करती हैं। अगर डायबिटीज के खतरे से बचना है या फिर शुगर लेवल को मेंटेन करना है तो सही खानपान का होना बेहद जरूरी है। क्योंकि केवल दवा से डायबिटीज को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है। अमेरिकन सोसाइटी फॉर मेटाबॉलिक एंड बेरिएट्रिक सर्जरी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 10 प्रतिशत अमेरिकी टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित हैं। टाइप 2 डायबिटीज के लगभग 90 फीसदी मामलों में अधिक वेट और मोटापा जिम्मेदार होता है। डायबिटीज की डाइट को लेकर तमाम तरह की कंफ्यूजन लोगों के मन में रहती है। कई लोग शुगर होने पर भी केचप खाना नहीं छोड़ते हैं, ये सोचकर कि थोड़ा सा केचप खाने से क्या ही नुकसान होगा। तो चलिए जानते हैं कि क्या डायबिटीज रोगियों को केचप खाना चाहिए या नहीं।



**सुनील गावस्कर ने उठाए सवाल**

यशस्वी के फैसले के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने ऑस्ट्रेलिया को हूट करना शुरू कर दिया। भारतीय फैंस ने बीच मैच में बेमंजमते और ठग के बोर्ड दिखाए। भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कमेंट्री करते हुए तीसरे अंपायर पर सवाल खड़े कर दिए। गावस्कर ने कमेंट्री करते हुए कहा, ध्वगर टेक्नोलॉजी को सबूत दे रही है उसे मानना नहीं है तो उसे हमने रखा ही क्यों है? जहां तक भारत की बात है तो इसे लेकर निश्चित तौर पर सवाल होंगे।

## तीसरे अंपायर ने भारत को हराया मैच, दो बार दिया गलत आउट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत को मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग–डे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली है। इस हार में ऑस्ट्रेलियाई टीम के शानदार खेल को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता, लेकिन अनदेखा तीसरे अंपायर के गलत फैसलों को भी नहीं किया जा सकता जो भारत की हार के उतने ही बड़े कारण रहे जितने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एक ही पारी में दो बार तीसरे अंपायर ने गलत फैसले दिए वो भी टेक्नोलॉजी की मदद लेने के बाद। इसे लेकर अब विवाद गहरा गया है। यशस्वी जायसवाल एक छोर संभाले हुए थे और मैच बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। वह मैच बचा सकते थे, लेकिन तीसरे अंपायर ने हैरान करने वाला फैसला दिया और उन्हें आउट दे दिया। सिर्फ यशस्वी ही नहीं। आकाशदीप को लेकर भी तीसरे अंपायर ने ऐसा फैसला दिया है कि चीटिंग करने का आरोप और गहरा गया। यशस्वी जायसवाल को लेकर ऑस्ट्रेलिया ने अपील की जिसे अंपायर ने नकार दिया। मेजबान टीम ने फिर रिव्यू लिया। रिव्यू में जब तीसरे अंपायर शरफुद्दुल्ला ने स्निको मीटर का सहारा लिया तो उसमें साफ पता चल रहा था कि गेंद यशस्वी के बल्ले या ग्लब्स से नहीं टकराई है, लेकिन फिर भी तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

## न्यूज डायरी




### हार के बाद बोले रोहित शर्मा– यह मानसिक रूप से परेशान करने वाली हार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों चौथे टेस्ट में 184 रन की हार को 'मानसिक रूप से परेशान करने वाली' करार देते हुए सोमवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम इस मैच में संघर्ष करने का जज्बा दिखाने में विफल रही। भारत पांच मैचों की इस सीरीज में 1–2 से पीछे हो गया है। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। खुद रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे रोहित ने कहा, 'यह मानसिक रूप से परेशान करने वाला होता है जब आप वह नहीं कर पाते जो करने आए हैं।' उन्होंने इससे कहा, 'यह काफी निराशाजनक है। मैच जीतने के तरीके होते हैं और हम यहां मैच जीतने के तरीके ढूंढने में चूक गए। हम अंत तक टक्कर देना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर सकें।' ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 90 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था और रविवार को उस समय उसकी कुल बढ़त अभी 200 तक नहीं पहुंची थी। टीम हालांकि पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत को 340 रन का लक्ष्य देने में सफल रही। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अनुकूल स्थिति का फायदा नहीं उठा सकी। भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने 90 रन तक ऑस्ट्रेलिया के छह विकेट चटका लिए थे। हमें पता था कि हमारे लिए चीजें आसान नहीं होंगी लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में भी जज्बा दिखाना चाहते थे। हम हालांकि ऐसा करने में नाकाम रहे।

### ऋषभ पंत को आउट करने के बाद ट्रेविस हेडने किया अश्लील इशारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से रौंदा। बॉक्सिंग डे टेस्ट में जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2–1 की बढ़त बना ली है। भारतीय टीम को जीत के लिए दूसरी पारी में 340 रन का टारगेट मिला था। हालांकि, रोहित शर्मा एंड कंपनी 155 रन पर ही सिमट गई। 2020 में गाबा में मैच बचाने वाले पंत मेलबर्न में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। ऋषभ पंत ने 104 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 30 रन बनाए। ट्रेविस हेड ने उन्हें मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराया। पंत को आउट करने के बाद हेड ने जो सेलिब्रेशन किया वह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। हेड के इस जश्न ने दर्शक ही नहीं कमेंटेटर तक हैरान रह गए हैं। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि आईसीसी हेड को कड़ी सजा सुना सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भी हेड के इस सेलिब्रेशन का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया है, ट्रेविस हेड ने ऋषभ पंत को आउट किया और अनोखा जश्न मनाया। इतना ही नहीं जेम्स ब्रेजशॉ ने हेड के इस जश्न के बारे में बताया है। उन्होंने कहा, 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेहतरीन स्पेल के बाद हेड ने कहा था कि उन्हें अपनी उंगली को बर्फ पर रखना पड़ा। उनका यह जश्न उसी का संदर्भ था।

### भारत को हार से हो गया तगड़ा नुकसान, ऑस्ट्रेलिया की बल्ले–बल्ले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में 184 रनों से जीत हासिल की। इस हार से भारत को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। फाइनल में जाने के लिए भारत को इस मैच में जीत की सख्त जरूरत थी, लेकिन टीम इंडिया एमसीजी में बुरी तरह से फेल हो गई। भारत की इस हार के बाद डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बदलाव हुए हैं। भारत को जीत के लिए 340 रनों की दरकार थी। टीम इंडिया के पास पूरा एक दिन था। अगर उसके बल्लेबाज विकेट पर पैर टिका लेते तो भारत ये मैच बचा सकता था और ड्रॉ कर सकता था। हालांकि, टीम के दिग्गज बल्लेबाज फेल होते चले गए। यशस्वी जायसवाल अकेले लड़े, लेकिन दूसरे छोर से उनको साथ नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से अपनी फाइनल की दावेदारी मजबूत कर ली है। भारत को हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के 16 मैचों में 10 जीत और चार हार के बाद 118 अंक हो गए हैं और अंक प्रतिशत 61.46 है। ये टीम साउथ अफ्रीका के बाद दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका पहले ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। भारतीय टीम तीसरे नंबर पर है।

# मेलबर्न में टीम इंडिया हैट्रिक से चूकी, भारत के दिग्गज हुए फेल


**क्रिकेट**

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से दी मात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। यशस्वी जायसवाल की जुझारू पारी के बावजूद भी टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट बचा नहीं सकी। बॉक्सिंग–डे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारत का मेलबर्न में हैट्रिक लगाने का सपना टूट गया। भारत ने अपने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरों (2018 और 2020) में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में जीत हासिल की थी। इस बार भारतीय टीम जीत के लिए जरूरी 340 रन नहीं बना पाई और हैट्रिक लगाने से चूक गई।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद टीम इंडिया ने 369 रन बनाए थे। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 105 रनों की बढ़त लेकर उतरी थी। उसने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बना भारत को 340



रनों का टारगेट दिया था जो टीम इंडिया हासिल नहीं कर सकी और मैच के आखिरी दिन सोमवार को 155 रनों पर ढेर हो गई। भारत 12 साल बाद एमसीजी पर हारा है। इससे पहले उसे इस मैदान पर हार साल 2012 में मिली थी। 2014 में भारत ने यहां ड्रॉ खेला था। 2018–19 और 2020–21 में भारत को जीत हासिल हुई थी।

एक बार फिर इस मैच में भारत के दिग्गज बल्लेबाज फेल हो गए। न रोहित शर्मा का बल्ला चला न विराट कोहली, केएल राहुल और ऋषभ पंत का। यशस्वी जायसवाल ने जरूर एक छोर संभाले रखते हुए उम्मीद बंधाई लेकिन उनको साथ नहीं मिला। पहले रोहित शर्मा उन्हें अकेला छोड़ गए। पैट कमिंस ने रोहित को नौ के स्कोर पर आउट किया। पांच गेंद खेलने के बाद राहुल भी कमिंस का शिकार हो गए। विराट कोहली सिर्फ पांच रन ही बना सके। ऋषभ पंत ने कुछ देर साथ देने की कोशिश की। उन्होंने धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और यशस्वी का साथ देने की कोशिश की, लेकिन इस मैच में बल्ले से फेल रहे ट्रेविस हेड ने गेंदबाजी में कमाल करते हुए पंत की पारी का अंत कर दिया। पंत ने 104 गेंदों का सामना करते हुए 30 रन बनाए।

रवींद्र जडेजा को स्कॉट बोलैंड ने दो रनों पर आउट कर दिया। यशस्वी टिके हुए थे और जडेजा के आउट होने के बाद मैदान पर आए पहली पारी के हीरो नीतीश कुमार रेड्डी। यहां लगा कि ये दोनों मिलकर मैच बचा लेंगे, लेकिन नाथन लियोन की फिरकी में नीतीश फंस गए और एक रन के निजी स्कोर पर स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। इसके बाद यशस्वी जायसवाल भी आउट हो गए। हालांकि, उनका आउट होना विवादित रहा।

### कौन हैं यशस्वी को आउट देने वाले थर्ड अंपायर शरफुद्दौला सैकत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल विवादित फैसले की वजह से बॉक्सिंग डे टेस्ट की दूसरी पारी में आउट हुए। उनके खिलाफ विकेटकीपर कैच की जोरदार अपील हुई थी। इसके बाद भी मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऑस्ट्रेलिया के डीआरएस लेने के बाद फैसला थर्ड अंपायर के पास गया। स्निकोमीटर में कोई भी हरकत नहीं होने के बाद भी टीवी अंपायर शरफुद्दौला सैकत ने उन्हें आउट करार दे दिया। बांग्लादेश के शरफुद्दौला सैकत आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर हैं। इसी साल की शुरुआत में उन्हें एलीट पैनल में शामिल किया गया था। वह पहली बांग्लादेशी अंपायर हैं, जिन्हें आईसीसी की एलीट पैनल में जगह मिली। वह 100 वनडे, 73 टी20 इंटरनेशनल और 23 टेस्ट मैचों में अंपायर की भूमिका निभा चुके हैं।

## ऋषभ पंत को समझना होगा, कप्तान रोहित शर्मा ने खुलेआम दिखाया गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। भारतीय क्रिकेट टीम को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 184 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच में हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए। इस दौरान उनसे कई मुश्किल सवाल पूछे गए। रोहित शर्मा के जवाब में हार की निराशा साफ दिख रही थी। इसके साथ ही उन्होंने टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की लापरवाही भरे खेल को लेकर भी अपनी बात रखी और साफ तौर से यह कह दिया कि पंत को अब समझने की जरूरत है।

रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऋषभ पंत के आउट होने पर कहा, यह अभी हुआ है, आज के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। जाहिर तौर



पर हम मैच हार गए हैं, हर कोई इस बात से निराश है कि चीजें कैसे हुई... लेकिन इसके बावजूद ऋषभ पंत को स्पष्ट रूप से यह समझने की जरूरत है कि उनकी जरूरत क्या है। हममें से किसी के कहने से ज्यादा, यह उसे समझने और यह पता लगाने के बारे में है कि इसके बारे में आगे बढ़ने का सही तरीका क्या है, एक कप्तान के रूप में वह जो करता है, उसमें उसने हमें बहुत सफलता दिलाई है।

रोहित शर्मा ने ऋषभ पंत के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस जो बात कही उससे साफ पता चलता है कि शॉट सिलेक्शन में उन्होंने जो गलती की उसकी वजह से कोई भी खुश नहीं है। सिर्फ भारतीय टीम मैनेजमेंट ही नहीं, फैंस के साथ–साथ पूर्व क्रिकेटर भी नाखुश हैं। पंत के लापरवाही भरे शॉट को देखकर पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने तो उन्हें स्टुपिड तक कह दिया था।

बता दें कि ऋषभ पंत को मेलबर्न टेस्ट मैच के दोनों पारियों में अच्छी शुरुआत मिली थी, पहली पारी में पंत ने 28 रनों का योगदान दिया था जबकि दूसरी पारी में वह 30 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बार पंत खराब शॉट खेलकर आउट हुए।

पेज थ्री देहरादून

सीएम पुष्कर धामी से मिले मेजर।

देहरादून, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में दो हजार अग्निवीरों की भर्ती होगी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में अग्निवीर के दो हजार पदों पर युवाओं को भर्ती का मौका मिलेगा। एडीजी सेना भर्ती यूपी और उत्तराखंड मेजर जनरल मनोज तिवारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री आवास में सीएम धामी से मुलाकात के दौरान मेजर जनरल मनोज तिवारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती में उत्तराखंड से अभी तक 4500 युवाओं का चयन किया गया है। जबकि 2000 रिक्त पदों पर भी जल्द ही भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाली भर्तियों में भी राज्य से अधिक से अधिक युवा प्रतिभाग कर सकें इसके लिए राज्य और जनपद स्तरों पर कैंप लगाए जाएंगे।

### चारधाम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**संवाददाता** देहरादून। शीतकालीन चारधाम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की गयी है। जानकारी देते हुए जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्द किशोर जोशी ने बताया कि वर्तमान में चारधाम यात्रा प्रारम्भ हो गयी है। और देश विदेश के श्रद्धालु शीतकालीन प्रवास स्थलों के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। शीतकालीन प्रवास स्थलों पर वर्फ पड़ने और शीत लहर के चलते यात्रियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और सुखद हो इसके लिए यात्री यहां के मौसम की जानकारी, ठण्ड में स्वास्थ्य देखभाल व यात्रा के दौरान गर्म कपडे व अन्य आवश्यक सामग्री साथ रखने की अपील की है।

### आरुषि सुंदरियाल ने निर्दलीय मेयर प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता आरुषि सुंदरियाल ने निर्दलीय मेयर प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है । आरुषि के नामांकन के बाद, आरुषि ने उत्तराखंड कांग्रेस नेतृत्व के रवैये से अपने नाराजीभाषी स्वर में विरोध जताया है। आरुषि ने अपने पक्ष में औपचारिक बयान जारी किया और बताया कि उन्हें अपने हुए जानलेवा हमले और कांग्रेस पार्टी से अनौपचारिक रूप से जुडे लोगो के उसके घर में डाकाती डाले जाने के बाद उत्तराखंड कांग्रेस नेतृत्व के रवैये से काफी असंतुष्ट है।

### उत्तरकाशी में भाजपा–कांग्रेस के प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरकाशी मुख्यालय की बाड़ाहाट नगरपालिका सीट सोमवार को भाजपा–कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भरा। इस निकाय सीट पर अध्यक्ष पद के लिए कुल चार नामांकन हुए हैं।

# प्रदेश में शीतलहर से बचाव के लिए सभी प्रभावी उपाय किये जाए: सीएम

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री ने शीतलहर से बचाव के लिए विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

■ निराश्रित पशुओं के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में शीतलहर से बचाव के लिए सभी प्रभावी उपाय किये जाएं। शीतलहर से बचाव के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदों में रैन बसेरों में ठहरने वालों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। शासन के वरिष्ठ अधिकारी और जनपदों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का समय–समय पर निरीक्षण करें। शीतलहर के दृष्टिगत जरूरतमंदों को कंबल, दस्ताने, मौजे और अन्य आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई जाए। जनपदों में रात्रिकाल में जिन स्थानों पर अलाव की व्यवस्थाएं की गई हैं, उसकी लोगों को विभिन्न माध्यमों से जानकारी भी दी जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश सचिवालय में शीतलहर से बचाव के लिए विभागों द्वारा



किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बर्फवारी के कारण सड़के अधिक देर तक बाधित न हों, जिन क्षेत्रों में बर्फवारी अधिक होती हैं, उन स्थानों पर सड़कों से बर्फ हटाने के लिए आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि शीतकाल के दृष्टिगत जनपदों में गर्भवती महिलाओं का सम्पूर्ण डाटा रखा जाए, ताकि किसी भी आपात परिस्थिति में उन्हें, यथाशीघ्र चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

शीतलहर के दृष्टिगत निराश्रित पशुओं के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शीतलहर से बचाव के लिए जनपदों में की गई व्यवस्थाओं के बारे में सभी जिलाधिकारियों से जानकारी ली।

बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने शीतलहर से बचाव के लिए राज्य में किये जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में राज्य आपदा प्रबधंन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख वन संरक्षक धनजंय मोहन, सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुदंरम, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से कुमांऊ कमिश्नर दीपक रावत और सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को ही मिले

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को ही मिले। सभी जिलाधिकारी भी सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से फायदा न उठाये। बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के शीतकाल प्रवास स्थलों और उसके आस–पास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और विभागों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये हैं।

# नर्सिंग छात्रों को विदेशी भाषा का विकल्प: सीएस

**बैठक**

■मुख्य सचिव ने राज्य अतिथि गृहों को भुगतान के आधार पर पर्यटकों को भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में राज्य अतिथि गृहों के पूरी तरह से सदुपयोग तथा व्यवसायिक उपयोगिता को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राज्य में निर्मित होने वाले सभी नए राज्य अतिथि गृहों को अति विशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त रिक्त होने की दशा में भुगतान के आधार पर पर्यटकों को भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने सरकारी कार्यदायी निर्माण एजेंसियों को वर्तमान एवं भविष्य में निर्मित होने वाले सभी सरकारी भवनों को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में निर्मित करने के निर्देश दिए हैं जिसमें अनिवार्यतः सोलर पैनल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिसाइकिलिंग की व्यवस्था होगी। सीएस ने जलापूर्ति योजनाओं में वॉटर रिसाइकलिंग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव स्वास्थ्य को नर्सिंग कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे छात्र–छात्राओं को विदेशी भाषाओं का विकल्प देने तथा उन्हें विदेशी भाषाएं सिखाने हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नियोजन विभाग को सभी नए निर्मित होने वाले सरकारी भवनों में बेसमेंट पार्किंग के अनिवार्यतः निर्माण हेतु निर्देश जारी करने की हिदायत दी है।

मुख्य सचिव ने सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में एमपीएससी रायपुर देहरादून में एथलेटिक पवेलियन शेड तथा सीट के कार्यों, देहरादून में क्लेमन्टाऊन जलापूर्ति योजना कार्य, राज्य में अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी माध्यम से आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर हरिद्वार का निर्माण कार्य, पिथौरागढ़ में नवीन राज्य अतिथि गृह निर्माण कार्य, चम्पावत के टनकपुर में नवीन राज्य अतिथि गृह का निर्माण कार्य, टनकपुर बस टर्मिनल का निर्माण कार्य (पुनरीक्षित), मोहकमपुर देहरादून में न्यायिक कार्मिकों के लिए 32 आवासों के भवन निर्माण कार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के परिसर में नवीन नर्सिंग कॉलेज के निर्माण कार्य पर अनुमोदन दिया।

### नए साल के नियम तोड़े तो हवालात की खानी होगी हवा

**संवाददाता** देहरादून। थर्टी फर्स्ट और नए साल का जश्न मनाने अगर आप पहाड़ की वादियों की ओर जा रहे हैं तो आपको यातायात के कायदे कानूनों का भी ख्याल रखना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर न सिर्फ चालानी कार्रवाई होगी बल्कि आपको हवालात की हवा खानी पड़ सकती है। चप्पे–चप्पे पर पुलिस वाहन चालकों की रफ्तार पर निगरानी करने के साथ ही नशे की रोकथाम के लिए एल्कोमीटर से जांच करेगी। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि पुलिस थर्टी फर्स्ट और नए साल में सुरक्षित सफर को लेकर गंभीरता बरत रही है। इसके लिए पुलिस ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। एसएसपी ने बताया कि पार्टी करने वाले अगर पहाड़ों की ओर तेज रफ्तार या नशे में वाहन चलाकर जा रहे हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।